प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 17.08.2025**

**मुख्य समाचारः—**

- छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने आगामी भर्ती परीक्षाओं के संबंध में जारी किए नये दिशा—निर्देश—अभ्यर्थियों को दो घंटे पहले पहुंचना होगा परीक्षा केंद्र।

- गरियाबंद जिले में आज कुल उन्नीस लाख रूपये के चार माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

- रायगढ़ जिले के कोतरलिया ग्राम पंचायत में शुरू हुआ ''रेडी—टू—ईट'' का उत्पादन।

- मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**निर्वाचन आयोग—मतदाता सूची**

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता—सूची पूरी पारदर्शिता से, कायदे—कानूनों का पालन कर तैयार की जाती है। आयोग ने कहा कि मतदाता—सूची तैयार करते समय हर चरण में राजनीतिक दलों को शामिल किया गया था। आयोग ने पिछले चुनावों की मतदाता सूचियों में कथित कमियों का मुद्दा उठाए जाने की आलोचना की। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता—सूची से जुड़ा कोई भी मुद्दा दावा और आपत्ति अवधि के दौरान उठाया गया होता, तो उनकी जांच की जा सकती थी। आयोग ने यह भी कहा कि कई राजनीतिक दलों और उनके बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं ने मतदाता—सूची के मसौदे पर समय रहते कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई थी।

**पीएससी—दिशा/निर्देश**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–सीजीपीएससी ने आगामी भर्ती परीक्षाओं के संबंध में नये दिशा–निर्देश जारी किए हैं। नई गाइडलाइन के अनुसार, विवाहित महिलाओं को मंगलसूत्र पहनने की छूट दी गई है। इसके अलावा काले, गहरे हरे, नीले समेत अन्य रंग के कपड़े पहनकर आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। साथ ही अभ्यर्थी अब जूता पहनकर परीक्षा नहीं दे पाएंगे। पीएससी ने अभ्यथियों को परीक्षा से दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने के निर्देश दिए हैं। वहीं, परीक्षा शुरू होने से पंद्रह मिनट पहले केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

गौरतलब है कि इससे पहले पीएससी द्वारा भर्ती परीक्षा के दौरान बिलासपुर में परीक्षार्थी हाईटेक तरीके से नकल करते पकड़े गए थे। इसके बाद ही पीएससी ने नये दिशा–निर्देश जारी किए हैं।

**रामविचार नेताम–बलरामपुर**

आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने बलरामपुर जिले के ग्राम पंचायत कुण्डपान में आयोजित कार्यक्रम में बासठ करोड़ रूपए की लागत से बने विद्युत विस्तार कार्य का शुभारंभ किया। साथ ही ग्राम पंचायत डिंडो में एक करोड़ इंक्यानवे लाख रूपये से अधिक की लागत से बनने वाले पचास सीटर पोस्ट मैट्रिक छात्रावास का भी शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री नेताम ने कहा कि कुण्डपान में विद्युत विस्तार होने से इस क्षेत्र के साढ़े ग्यारह हजार से अधिक परिवारों के घरों तक बिजली पहुंचाई जा सकेगी।

**माओवादी–आत्मसमर्पण**

गरियाबंद जिले में आज दो महिला सहित चार माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन सभी माओवादियों पर कुल उन्नीस लाख रूपये का इनाम घोषित था। इनमें डीवीएस सदस्य दीपक मंडावी भी शामिल हैं। आज गरियाबंद में आयोजित पत्रकारवार्ता में रायपुर

रेंज के पुलिस महानिरीक्षक  अमरेंद्र मिश्रा ने बताया कि ये सभी माओवादी धमतरी–गरियाबंद–नुआपड़ा डिवीजन कमेटी में वर्ष दो हजार तेरह से सक्रिय थे।

**होल्ड बाईट–अमरेंद्र मिश्रा**

**(25 सेकेण्ड)**

पुलिस महानिरीक्षक श्री मिश्रा ने बताया कि इसी जिले में चलाए गए एक अन्य ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने धमतरी–गरियाबंद सीमा पर माओवादियों के कैम्प से साढ़े सोलह लाख रुपये नकद, बीजीएल, बीजीएल लॉन्चर, कारतूस, खाली मैगजीन, डेटोनेटर और नक्सली साहित्य बरामद किया है।

**<u>रायगढ़–रेडी टू ईट यूनिट</u>**

रायगढ़ जिले के कोतरलिया ग्राम पंचायत की महिला स्व–सहायता समूहों ने "रेडी–टू–ईट" का उत्पादन शुरू कर दिया है। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने रेडी–टू–ईट यूनिट का शुभारंभ करते हुए स्वयं मशीन चलाकर निर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण किया और महिलाओं को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रायगढ़ की यह यूनिट एक मॉडल के रूप में है, जिसे जल्द ही प्रदेश के सभी जिलों में लागू किया जाएगा।

गौरतलब है कि हाल ही में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ की दस महिला स्व–सहायता समूहों को अनुबंध पत्र प्रदान किए थे, जिसके बाद मशीन इंस्टॉलेशन का कार्य पूरा किया गया।

**<u>अंबिकापुर–प्लास्टिक प्रोसेसिंग इकाई</u>**

स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण के तहत सरगुजा जिले के दरिमा ग्राम पंचायत में जिला स्तरीय प्लास्टिक प्रोसेसिंग इकाई की स्थापना की गई है, जो प्रदेश में दूसरा और सरगुजा संभाग का पहला केंद्र है। लूण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने इस केन्द्र का उद्घाटन करते

हुए कहा कि स्वच्छता प्रबंधन के क्षेत्र में सरगुजा अन्य जिलों के लिए रोल मॉडल बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा।

गौरतलब है कि प्लास्टिक प्रोसेसिंग यूनिट में जिले के सभी गांवों में स्थापित सेग्रीगेशन शेड—कलस्टर से सूखे और ठोस कचरे को एकत्रित कर  प्रोसेसिंग इकाई भेजा जाएगा। जहां प्लास्टिक का दोबारा इस्तेमाल कर उत्पाद तैयार किए जाएंगे।

**निजी विवि—लॉटरी**

शिक्षा का अधिकार अधिनियम—आरटीई के तहत निजी विद्यालयों की पच्चीस प्रतिशत सीटों में भर्ती प्रक्रिया की तीसरी लॉटरी उन्नीस अगस्त को निकाली जाएगी। दो चरणों में निकाली गई लॉटरी के बाद भी प्रदेश में लगभग इकसठ सौ सीट अभी भी रिक्त हैं। इन रिक्त सीटों के लिए पूर्व में प्राप्त आवेदनों में से तीसरी लॉटरी उन्नीस अगस्त को निकाली जाएगी। जिन विद्यार्थियों का चयन पूर्व में हो चुका है, उनके नामों को छोड़कर शेष आवेदकों के लिए यह लॉटरी निकाली जाएगी। तीसरी लॉटरी के लिए आवेदन भरने की आवश्यकता नहीं है।

**साइबर जागरूकता रथ**

लोगों को साइबर ठगी के प्रति जागरूक करने के लिए दुर्ग पुलिस और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने भिलाई के पुलिस नियंत्रण कक्ष से साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ दुर्ग रेलवे स्टेशन, सुपेला बाजार, बस स्टैंड, सिविक सेंटर और नेहरू नगर क्षेत्र में लोगों को ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराध से बचाव की जानकारी देगा। इस दौरान पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और बैंककर्मी  भी मौजूद थे।

**दुर्ग पुलिस–रैली**

दुर्ग पुलिस द्वारा आज नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली निकाली गई। "नशे को छोड़ो, जिंदगी से नाता जोड़ो" की थीम पर आयोजित इस रैली में

जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, उप पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस विभाग के अधिकारी और पुलिस बल रक्षित केन्द्र के अधिकारी–कर्मचारी

शामिल हुए। रैली के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।

**रियल स्टेट–क्यूआर कोड**

छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी–रेरा ने रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा के लिए सभी प्रकार के रियल एस्टेट विज्ञापनों में रेरा पंजीकरण नंबर और रेरा वेबसाइट का पता स्पष्ट रूप से प्रकाशित करना अनिवार्य कर दिया है। इन निर्देशों का पालन प्रिंट मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म, ब्रोशर, पोस्टर, होर्डिंग, पाम्पलेट और अन्य सभी प्रचार माध्यमों पर करना होगा। रेरा द्वारा जारी निर्देश के तहत, प्रत्येक विज्ञापन में रेरा द्वारा जारी क्यूआर कोड भी शामिल करना होगा। रेरा ने नियमों का पालन नहीं करने पर प्रमोटर्स या एजेंट्स के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल–**

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र जगदलपुर, आंध्रप्रदेश और ओडिशा के तट पर स्थित है। इसके असर से प्रदेश में आगामी चौबीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों में गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर सकती है।

**संक्षिप्त समाचार–01**

**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में उन्नीस अगस्त को मंत्रालय में सुबह ग्यारह बजे से राज्य मंत्रिमंडल की बैठक होगी।
- प्रदेश में स्टाफ नर्स की दो सौ पच्चीस पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उम्मीदवार तीन सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल–व्यापमं द्वारा इक्कीस सितंबर को परीक्षा संपन्न कराई जाएगी।
- प्रदेश में टी–संवर्ग के पदोन्नत प्राचार्यों की पदस्थापना के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया बीस अगस्त से शुरू होगी, जो तेईस अगस्त तक चलेगी।
- रायगढ़ और सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के युवाओं के लिए रायगढ़ के अतरमुड़ा में सहायक बुक कीपर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अड़तीस दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर कल अट्ठारह अगस्त से शुरू होगा।
- कबीरधाम जिले की पंडरिया पुलिस ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर कई लोगों से लाखों रूपये की ठगी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।
- खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले में पुलिस ने बारूद विस्फोटक से एक व्यक्ति को मारने की साजिश करने के आरोप में मास्टर माईंड सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से साठ जिलेटिन स्टिक और दो डेटोनेटर जब्त किए गए हैं।
- बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में शराब के नशे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शोर–शराबा करने के आरोप में पुलिस ने एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है।

**संक्षिप्त समाचार–02**

- महासमुंद पुलिस ने नशीली दवाई और टैबलेट के साथ नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कफ सिरप और पांच सौ नशीली टैबलेट बरामद की गई है।

- रायगढ़ जिले के जूटमिल थाना क्षेत्र में बीती रात दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई भिडंत में एक युवक की मौत हो गई। जबकि, तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

- बलरामपुर जिले के पास्ता थाना क्षेत्र में आज ट्रक और बस के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में ट्रक चालक सहित दो लोग घायल हो गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>